website–www.skvitiup.in
E-mail Id-itecuplko@gmail.com

कार्यालय–सचिव औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 ,मोहान रोड लखनऊ।

पत्रांक– सी 1033 /परीक्षा शुल्क /2021–22 दिनांक 19. जून 2021

समस्त प्रधानाचार्य,
समाज कल्याण विभाग उ0 प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त
औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थायें उ0प्र0।

विषयः– शैक्षिक सत्र 2020–21 के अर्न्तगत प्रवेश लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा शुल्क एवं इनरोलमेन्ट सीट हेतु विवरण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

आप अवगत ही हैं कि, वैश्विक महामारी कोरोना से समाज के सभी क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हैं। वार्षिक परीक्षा 2021 हेतु परीक्षा फार्म प्राप्त करने एवं अनुक्रमांक आवंटन हेतु पुनः उन्हें परिषद कार्यालय में जमा करने में आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुये वार्षिक परीक्षा 2021 में सम्मिलित होने वाले पात्र प्रशिक्षणार्थियों की सूची एवं परीक्षा शुल्क (प्रोफार्मा/विवरण संलग्न) परिषद कार्यालय को प्राप्त कराने की **अन्तिम तिथि 05.07.2021 निर्धारित की जाती है।** संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित पाठ्यक्रमवार पृथक–पृथक **सूची एवं ट्रेजरी चालान की मूल प्रति उपरोक्त तिथि 05.07.2021 तक अनिवार्य रूप से परिषद कार्यालय सचिव, औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद राजकीय गोविन्द बल्लभ पंत पॉली कैम्पस, मोहान रोड, लखनऊ पिन कोड–226017 में पंजीकृत डाक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।** ट्रेजरी चालान की मूल के साथ छात्रों की सूची निर्धारित संलग्न प्रारूप पर प्राप्त न होने की दशा में संस्था के छात्रों को अनुक्रमांक आवंटित करना संभव न होगा जिसके लिये उत्तरदायी होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के प्रवेश फार्मों की सत्यापित प्रति भी प्रेषित करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों से सम्बन्धित विवरण अंग्रेजी के बड़े अक्षरो में फान्ट साइज 16 पर टाइप कराकर भेजें इससे कम फॉन्ट साइज की सूचियां स्वीकार नहीं की जायेंगी। गत वर्ष कुछ संस्थाओं द्वारा प्रेषित सूचियां बहुत छोटे अक्षरों में थी जिन्हें पढ़ने में बहुत असुविधा हुयी। **सूची में उल्लिखित छात्रों के नाम/पिता का नाम, जन्म तिथि, जाति, पता एवं पात्रता के सम्बन्ध में यदि कोई वाद किसी न्यायालय अथवा विभाग के समक्ष प्रस्तुत होता है तो उसके सम्बन्ध में परिषद उत्तरदायी न होगा, संस्था ही उत्तरदायी होगी।** अनुक्रमांक आवंटित होने के पश्चात प्रवेश पत्र संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा संलग्नक प्रवेश पत्र के प्रारूप पर निर्गत किये जायेंगे। उत्तर पुस्तिकायें, अनुक्रमांक की सूची एवं परीक्षा से सम्बन्धित अन्य सूचनाये परिषद की वेबसाइट www.skvitiup.in पर यथा समय उपलब्ध करा दी जायेगी।

अतः वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन अवश्य करते रहें।

संलग्नक–प्रारूप प्रपत्र–2

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार–

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

1. निदेशक, समाज कल्याण उ0प्र0, लखनऊ।
2. योजनाधिकारी/उपनिदेशक, मुख्यालय।
3. सम्बन्धित जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास सम्बन्धित जनपद उ0प्र0।

सचिव

प्रारूप प्रपत्र–1

नोट–प्रोफार्म में उल्लिखित सभी प्रविष्टियां अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में फॉन्ट साइज 16 पर टाइप करायें।

वार्षिक परीक्षा–2021

संस्था का नाम–

ट्रेड का नाम–

संस्था का कोड–

वर्ष–

क्र0 सं0	परीक्षार्थी का नाम	पिता का नाम	जाति	उपजाति	प्रशिक्षण अवधि	प्रवेश तिथि	जन्मतिथि	पता

हस्ताक्षर एवं मुहर
संस्था प्रधानाचार्य

प्रारूप प्रपत्र–2

परीक्षा शुल्क का विवरण

अनुसूचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थियों के लिये–50 रू0 प्रति परीक्षार्थी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के परीक्षार्थियों के लिये–100 रू0 प्रति परीक्षार्थी।

शुल्क जमा करने का लेखाशीर्षक:–

0235–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण
60–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम
800–अन्य प्राप्तियां
01–समाज कल्याण विभाग की प्रकीर्ण प्राप्तियां।

(पी0के0मिश्रा)
सचिव